an>

Title: Need to regularize the services of 1361 persons working in Port Blair Muncipal Council.

**श्री बिष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह) :** अध्यक्ष महोदया, नॉर्थ अंडमान में निश्चिंतपुर-कालीघाट का ब्रिज टूटा हुआ है और बहुत दिनों से मैं मांग कर रहा हूँ, लेकिन ब्रिज नहीं बना। स्टूडेंट्स डूंगी में आते-जाते हैं। आज सुबह-सुबह साढ़े आठ बजे डूंगी पल्टी हो गया। समुद्र में मगर भरा पड़ा है। ब्रिज को तुरंत बनाया जाए। अण्डमान निकोबार द्विप समूह की यह हालत है।

असेंबली हमारा नहीं है। केंद्र में हमारी सरकार है। जिस मुद्दे पर मैं बात करने के लिए खड़ा हूँ, पोर्ट ब्लेयर में एक ही म्यूनिसिपल काउंसिल है। उसमें 1361 डीआरएम मज़दूर काम करते हैं, 8 साल से 17 साल तक। उनको सीएल, बोनस, ग्रैचुटी आदि-आदि नहीं मिलती है। ये काम करते हैं तो पोर्ट ब्लेयर शहर साफ-सुथरा रहता है। उन मज़दूरों को परमानेंट करने की मांग मैंने 15वीं लोक सभा में उठायी थी, वह कामयाब नहीं हुई। मैं फिर इस संसद में मांग कर रहा हूँ, खास तौर से इन मज़दूरों को परमानेंट करने के लिए मैंने पत्र भी लिखे हैं। दो-दो बार स्ट्राइक हो चुका है। 20 फरवरी 17 नवंबर सन् 2014 को स्ट्राइक हो चुका है। इसके बीच में प्रशासन के मुख्य सचिव ने 17 अप्रैल को मीटिंग बुलाई थी और आश्वासन दिया था कि इन मजदूरों को परमानेंट करेंगे और 25 पर्सेंट सैलरी बढ़ा कर देंगे। आठ महीने हो चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। म्यूनिसिपल काउंसिल ने इनको परमानेंट करने के लिए 17 सितंबर को रैज्युलेशन पास किया था। प्रशासन को केवल तीस करोड़ रूपये देना है। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह आग्रह करूंगा कि म्यूनिसिपल कर्मचारियों को परमानेंट करें, जैसा अंडमान प्रशासन ने किया है। 325 लोगों को होमगार्ड में रैग्युलराइज़ किया है। 495 लोगों को बिजली विभाग में, सप्लाई में, पार्ट टाइम चौधरी, एजीबीएस, शिक्षा विभाग आदि में डीआरएम कर्मचारियों को सुपरएन्युमरी पोस्ट क्रिएट कर के रैग्युलराइज़ किया गया है। मैं मांग करूंगा कि प्रशासन को आदेश दिया जाए कि जो 1361 म्यूनिसिपल काउंसिल डीआरएम मज़दूरों को सुपरएन्युमरी पोस्ट क्रिएट कर के परमानेंट किया जाए।